जनभागीदारी से होगा पर्यावरण संरक्षण

जैव विविधता संरक्षण

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

कार्यक्रम को संबोधित करते मंत्री डॉ प्रेम कुमार, वंदना प्रेयसी व अन्य.

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि जैव विविधता के संरक्षण में पंचायती राज की भूमिका महत्वपूर्ण है. विकास की प्रक्रियाओं के साथ प्रकृति तथा पर्यावरण संरक्षण को संतुलित कर जैव विविधता को बनाये रखा जा सकता है. उन्होंने जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में जन भागीदारी को जरूरी बताया. इसे जन आंदोलन का रूप दिये जाने की जरूरत है. इसमें जैव विविधता प्रबंध समितियों की सक्रियता भी महत्वपूर्ण है.

उन्होंने वन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव, वन रोपण अभियान, पृथ्वी दिवस एवं वन्य प्राणी सप्ताह के आयोजनों से जैव विविधता प्रबंध समितियों को जोड़ने का निर्देश दिया. मंत्री पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा मंगलवार को प्रखंड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंध समितियों का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. इसका आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा अरण्य भवन सभागार से किया गया. सम्मेलन में राज्य के सभी जिला एवं प्रखंड स्तर के जैव विविधता प्रबंधन समितियों के लगभग 20 हजार अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों जुड़े थे. साथ ही जिला स्तरीय केंद्रों से सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारियों ने भी सम्मेलन में हिस्सा लिया. इस अवसर पर राज्य मुख्यालय से सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त विभाग,, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य वरीय वन पदाधिकारियों ने भी भाग लिया.